RNI No.-MPHIN/2001/14172

जाग उठा हमारा

# आज़ाद हिन्दुस्तान

सच के साथ.....

AZAD हिन्दुस्तान LIVE

वर्ष-22 अंक-44 इन्दौर/खरगोन/बड़वाह 11 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2022 सम्पादक : नवरत्नमल जैन Email.azadindore@gmail.com पेज-4 वार्षिक मूल्य- 150 रु.

## उत्साह के साथ मनाया गया ईद मिलादुन्नबी का पर्व



### श्री सोहनशाह को प्रदेश स्तरीय जवाबदारी मिलने से खुशी का माहौल

# निमाड़ के उर्जावान, किसान हित चिंतक कांग्रेस नेता श्री सोहन शाह बने प्रदेश कांग्रेस कमेटी में डेलीगेट।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में मतदान करने के अधिकार से राष्ट्रीय स्तर पर होगी पहचान

नवरत्नमल जैन

**बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के युवा,ऊर्जावान,कर्मठ युवा नेता सोहन शाह को प्रदेश कांग्रेस कमेटी में डेलीगेट मनोनीत करने से पूरे क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। श्री सोहन शाह की इस प्रदेश स्तरीय नियुक्ति के बाद बधाइयों का तांता लगा हुआ है। इस नियुक्ति के बाद सोहन शाह को डेलीगेट बनाये जाने से कुछ समय बाद होने वाले राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में वोट देने का अधिकार भी प्राप्त हो गया है। जिससे श्री सोहन शाह का नाम अब प्रदेश ही नही राष्ट्रीय स्तर पर भी संगठन की दृष्टि से महत्वपूर्ण हो गया है।**

किसानों व्यापारियों एवं कांग्रेस संगठन में श्री सोहन शाह का नाम सभी से समन्वय बनाकर चलने वाले नेताओं में लिया जाता है। ग्रामीण परिवेश से जुडे होने के कारण जहां एक ओर वे पूरे बड़वाह विधानसभा क्षेत्र में किसानों की पीडा एवं समस्याओं के निराकरण के लिये तैयार रहते है वहीं बड़वाह के व्यावसायिक क्षेत्र में होने से उनका नाम व्यापारिक वर्ग में भी अच्छी प्रतिष्ठा के साथ लिया जाता है। पूर्व में क्षेत्र की सबसे बडी कृषि उपजमंडी बड़वाह में वे उपाध्यक्ष रहे इस दौरान आपने जिस तरह पूरे कार्यकाल में किसानों एवम व्यापारियो के बीच शानदार समन्वय की मिसाल प्रस्तुत की वो अभी भी लोगो के स्मृती पटल में मौजूद है। यही कारण है किसान, मजदूर एवं सभी समाजों में सोहन शाह लोकप्रिय चेहरा बना हुआ है।

### कांग्रेस के सभी गुटों एवं नेताओं में विश्वास पात्र-

बड़वाह विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कई बडे नेताओं के गुटों में बटी हुई है। ऐसे में आम कार्यकर्ताओं के बीच कई बार असमंजस की स्थिति होती है कि मै किसके साथ रहूं। लेकिन सोहन शाह कांग्रेस के ऐसे समर्पित सिपाही है जो सभी गुट के शीर्ष नेताओं के बीच रहते हुये विश्वास पात्र बने हुये है।



यह उनकी समन्वय वादी कार्यप्रणाली के कारण ही संभव हो सका है। यही कारण है कि कांग्रेस के सभी नेता और कार्यकर्ता पूरा विश्वास करते है। यही कारण है कि कांग्रेस के स्थानीय संगठन के बाद अब उन्हें प्रदेश में पीसीसी डेलीगेट जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई।

### गुर्जर समाज के प्रभावशाली नेता-एवं अन्य समाज में भी वर्चस्व

बड़वाह विधानसभा में सबसे अधिक मतदाता गुर्जर समाज से है यही कारण है कि जब भी कांग्रेस में दावेदारी की बात आती है तो पहले गुर्जर समाज के प्रतिनिधियों को प्राथमिकता मिलती आई है। ऐसे में श्री साहन शाह का नाम गुर्जर समाज में प्रतिष्ठित व्यकितत्व के रूप में भी जाना पहचाना है। यदि नेरन्द्र पटेल के बाद गुर्जर समाज में समाज के उम्मीदवार के नाम की चर्चा होती है तो सोहन शाह का नाम भी बडी प्राथमिकता में माना जारहा है। साथ ही साथ अन्य सभी समाजो में भी सोहन शाह की प्रतिष्ठा एक नेकदिल इंसान के रूप में मौजूद है। जय स्तंभ नवदूर्गा समिति हो या अन्य सामाजिक आयोजन हमेशा श्री शाह समाज सेवा में अग्रणी रहे है। यही कारण है कि सोहन शाह को भी कांग्रेस में टिकिट के लिए बडवाह विधानसभा क्षेत्र में रख मजबूत दावेदार माना जाता है। यदि चुनाव तक प्रदेश स्तर पर वर्तमान समीकरण बरकरार रहे तो उम्मीदवारी में सोहन शाह भी किसी उम्मीदवार से कम नही है।

आपकी इस उपलब्धि पर विधायक एवम पूर्व मंत्री सुश्री विजय लक्ष्मी साधो, पूर्व पीसीसी अध्यक्ष श्री अरुण यादव,पूर्व मंत्री सचिन यादव, विधायक रवि जोशी,विधायक झूमा सोलंकी , पूर्व सांसद ताराचंद जी पटेल,कुलदीप सिंह जी भाटिया,नरेंद्र पटेल,ईश्वर चंद दस्सानी,डोंगर सिंह खंडाला,नीलेश रोकडिया,नगर कांग्रेस अध्यक्ष श्री विमल जैन, श्री आशाराम ठाकुर ,तिलोक राठौड, शहजाद खान,अनिल राय,विष्णु वर्मा,संतोष मालवीय आदि नेताओ ने बधाई दी है। श्री सोहन शाह ने भी सभी शुभकामना दाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## राहुल गांधी की भारत जोडों यात्रा का रात्रि विश्राम बड़वाह में.. तैयारियां जोरों पर..

**बड़वाह - श्री राहूल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा इन दिनों कर्नाटक पहूंच चुकी है और उनकी यात्रा में लाखों लोगो की लगातार भागीदारी बहुत दिनों से सुस्त पडी कांग्रेस में उर्जा का संचार कर रही है। यह यात्रा में दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में बुरहानुपर, खंडवा से होते खरगोन जिले के बड़वाह विधानसभा क्षेत्र में होकर गुजरेगी। सनावद से होते हुये श्री राहूलगांधी की यात्रा का बड़वाह में रात्रि विश्राम होने की संभावना है। इसलिये बड़वाह विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस नेता बड़वाह में राहूल गांधी की यात्रा के भव्य स्वागत की तैयारियों में लग चुके है। कुछ ही दिनों में यहां के नेता यात्रा के कार्यक्रम की पूरी जानकारी लेने के लिये श्री कमलनाथ जी से मिलने के लिये भोपाल जारहे है वही स्थानीय स्तर पर भी नेता गण अपने अपने हिसाब से यात्रा को सफल बनान की रणनीति पर काम कर रहे है।**



श्री ईश्वरचंद दस्साणी, श्री डोंगर सिंह खंडाला,नीलेश रोकड़िया, सोहन शाह, विमल जैन , अखिलेश व्यास आदि नेता राहूल जी के रात्रि विश्राम तथा अन्य कायक्रमों के बारे में लगातार विचार विमर्श कर रहे है। इसके साथ ही सुनने में यह भी आरहा है कि श्री राहूल गांधी खेडीघाट पर नर्मदा स्नान एवं पूजन भी कर सकते है।

हालाकि अभी उनका अधिकृत कार्यक्रम जारी नही हुआ है लेकिन खरगोन जिले से होकर यात्रा जरूर गुजरेगी ऐसे में यात्रा को ऐतिहासिक कैसे बनाया जा सके इन्ही बातों को लेकर पूरी तैयारियां की जारही है। इसके साथ ही राहूल गांधी की यात्रा में बड़वाह विधानसभा क्षेत्र में टिकिट के दावेदारों के लिये शक्ति परीक्षण का आगाज भी हो सकता है। हर कोई चाहेगा कि राहूल जी की यात्रा में अधिकाधिक प्रभावशाली भागीदारी दिखाकर टिकिट की राह आसान कर सके। इसलिये हो सकता है कि टिकिट के दावेदारों में श्री नरेन्द्र पटेल, श्री नीलेश रोकड़िया, सोहन शाह,सोभाग पटेल आदि दावेदारों के साथ ही अभी हाल ही में तेजी से बड़वाह के राजनैतिक पटल पर कांग्रेस की दावेदारी का लेकर सामने आये तिलाक राठोड का शक्ति प्रदर्शन भी देखना भी लोगों के लिये रोचक होगा। अब देखना यह है कि राहूल जी बडवाह यात्रा में किसका भाग्य जगमगाता है।

## जल उपभोक्ता संस्था मुरल्ला में नारायण मंडलोई ने लहराया निर्विरोध जीत का परचम।



**बडवाह - विगत दिनों हुए जल उपभोक्ता संस्था मुरल्ला के चुनाव में भाजपा किसान नेता एवम किसानों के सुख दुख में हमेशा तैयार रहने वाले नारायण मंडलोई ने एक बार फिर निर्विरोध जीत का परचम लहराकर लगातार दूसरी बार जीत का ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया।**

आपको बतादे कि श्री नारायन मंडलोई पूरे क्षेत्र में जमीन से जुडेनेता है। ये पूर्व में ग्राम पंचायत हमीरपुरा के सरपंच रहे उसके बाद भी वे लगातार किसानों की समस्याओं के निराकरण एवम उनके सुख दुख में हमेशा तत्पर रहते आये है। इसी योगदान के चलते विगत चुनाव में भी वे जल उपभोक्ता संस्था मुरल्ला के अध्यक्ष बने और किसानों खेतों तक नहरों के माध्यम से समय पर पानी मिले, इसके लिये हमेशा सेवा रत रहे।

इस बार के चुनाव में भी नारायण पटेल प्रमुख उम्मीदवार थे। ज्यादातर सदस्य उनके पक्ष में ही थे ऐसे में क्षेत्र के विकास एवम किसानों के हित में उनके योगदान को देखते हुए श्री नारायण मंडलोई को निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया।

श्री पटेल ने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मै हमेशा आपके विश्वास एवम कसौटी पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। मेरी कोशिश होगी कि नहरों का पानी हर खेत पर समय से पहुंचे।

श्री नारायण मंडलोई की निर्विरोध और ऐतिहासिक जीत पर पभारी मंत्री श्री कमल पटेल,सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल,विधायक सचिन बिरला, नगर मंडल अध्यक्ष श्री लाला बना, नगर पालिका अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता, महेश गुर्जर,जितेंद्र सुराणा,माहिम ठाकुर,आदि नेताओ ने बधाईया दी है।

### कल फैसले का दिन

## 12 तारीख को नगरपालिका परिषद की बैठक में होगा समाप्त हुई लीज धारकों पर कार्यवाही का फैसला

## अवैध नल कनेक्शन वालों के लिये कल अन्तिम मौका

**बड़वाह नगरपालिका की दूसरी महत्वपूर्ण बैठक 12 अक्टूबर को रखी जा रही है जिसमें नगर में विकास योजनाओं के साथ अनेक महत्वपूर्ण बिंदूओं पर चर्चा कर फैसला लिया जाना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल की बैठक में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा नगरपालिका द्वारा लीज पर दी गई भूमि के उन लीजधारकों के बारे में होना है जिनकी लीज बरसों पूर्व समाप्त हो चुकी है लेकिन आज तक उन्होने उसे नवीनीकरण तक नही करवाया। ऐसे में अब नगरपालिका कुछ ऐसी सम्पत्तियों को खाली करवाने का फैसला कर सकती हैजहां पर नगरपालिका शार्पिंग सेंटर आदि बनवाकर नगरपालिका की स्थायी आर्थिक आय के स्त्रोत बना सकती है। इसके अलावा भी कही अनेक मुद्दे है जिन पर कल की बेठक में विमर्श किया जायेगा। दूसरी ओर अवैध नल कनेक्शन धारियों के लिये नल कनेक्शन को वैध करवाने के लिये नगरपालिका ने 12 तारीख अन्तिम डेडलाईन घाषित कर दी है। 13 अक्टूबर से अवैध नल कनेक्शन धारियों के कनेक शन विच्छेद का काम प्रारंभ कर दिया जायेगा।**




बड़वाह नगरपालिका में नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता की दृढ संकल्प शक्ति एवं नगर के अधिकांश पार्षदों के नगर विकास एवं व्यवस्था सुधार में मिले जनसमर्थन के चलते शहर वासियों के बीच नगर पालिका परिषद की सकारात्मक छवि नजर आने लगी है। जहां एक ओर नगरपालिका अध्यक्ष श्री गुप्ता ने नगर में विकास की अनेक योजनाओं को लेकर मध्यप्रदेश शासन से मंजूरी लाने के लिये प्रयासरत है वहीं बरसों से शहर में फेली अव्यवस्थाओं को सुधारने के लिये भी कृतसंकल्पित नजर आरहे है। इसी के चलते अब बर्षो से नगर में अवैध नल कनेक्शन करवाकर शुल्क जमा करने के बजाय मुफ्त का फायदा उठाने वाले लोगो के खिलाफ अब नगर पालिका ने अंतिम चेतावनी जारी कर तत्काल अवैध नल कनेक्शन को वैध कराने का अनुरोध किया है।

विगत दिनों नगर पालिका अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता एवम मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री केशव सगर ने जल प्रदाय शाखा की बैठक ली।जिसमे नगर के सभी अवैध अवैध कनेक्शन तथा सरकारी नलों की स्थिति के बारे में समीक्षा की गई। समीक्षा के बाद नगर पालिका अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता एवम मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री सगर ने नगर के अवैध नल कनेक्शन धारियों से आग्रह किया कि वे हर हालत में 12 अक्टूबर के पहले नगर पालिका में निर्धारित शुल्क जमा करवाकर अपने नल कनेक्शन को वैध करवाले अन्यथा 13 तारीख से अवैध नल कनेक्शन को विच्छेद करने का काम सख्ती से किया जाएगा। अध्यक्ष श्री गुप्ता ने कहा कि जिनका नल कनेक्शन विच्छेद हो गया तो सड़क मरम्मत के बाद अगले तीन साल तक नया कनेक्शन देना सम्भव नही हो सकेगा। इस सम्बंध में किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो वे 12 तारीख के पहले नगर पालिका अध्यक्ष से नगर पालिका में जाकर अपनी समस्या बता सकते है जिससे उसका निराकरण किया जा सके।

श्री गुप्ता ने जनता से अपील की जलकर की राशि जनता से उतनी ही ली जाती है जितना बिजली का बिल आता है।जिसने पानी का कोई शुल्क नही है। ऐसे में सभी नागरिकों का फर्ज है कि वे शासकीय सुविधाओ के बदले जो निर्धारित शुल्क है जमा करवाये जिससे नगर के विकाश में और नागरिकों को सुविधाएं देने में कोई बाधा न हो।

हालाकि नगरपालिका की आर्थिक स्थिति को सुधार करने एवं नगर की व्यवस्थाओं को चुस्त दुरूस्त करने के प्रयासों से उन लोगों को तकलीफ भी हो रही है जोइस निर्णय से प्रभावित हो रहे है और ऐसे में राजनीति भी होने लगी है लेकिन अधिकांश नगरवासी नगर हित में उठाये जारहे कदमों के साथ नजर आरहे है।

## बड़वानी की पाती - जनता और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के नाम.....

बड़वानी से नरेश रायक..........

मध्यप्रदेश में सीएम शिवराज सिंह चौहान के निर्देश के बाद भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी-कर्मचारियों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। इंदौर के बाद रायसेन जिले में एसपी विकास कुमार सहवाल ने बाड़ी थाना प्रभारी सत्यप्रकाश सक्सेना और चार पुलिस कर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। यह तो एक बानगी है। बतादे कि बाडी थाना प्रभारी ने तो अवैध गांजे का केस नही बनाने के एवज में रुपए की मांग कीथी।

लेकिन बड़वानी कोतवाली पुलिस तो दो कदम आगे है। सूत्रा के अनुसार लगातार दो ऐसे मामले जिला मुख्यालय पर सुनने को आए जिससे पुलिस पर सवालिया निशान लग रहे है।

जनचर्चा के अनुसार एक मामले में 4 पुलिसकर्मियों ने अवैध गांजा पकड लिया लेकिन बाद में 1 लाख के एवज में छोड़ दिया...जब जिलेके प्रभारी को भनक लगी तो कार्यवाही करने की बजाए उनसे 1.70 हजार लेकर मामला रफा दफा कर दिया।

दूसरे मामले में चर्चा है कि एक एएसआई ने 50 हजार रुपए लेकर कसरावद पुल पर तोड कर लिया जब इसकी भी भनक जिला प्रभारी को लगी तो उक्त एएसआई से 50कि बजाय 70 हजार ले लिए यानी दण्ड देने की बजाए अभयदान दे दिया ...

दोनो ही मामले इन दिनों आम लोगों की चर्चा में है। आजाद हिन्दुस्तान इसकी पुष्टि नही करता लेकिन यदि चर्चा में हो रहे दोनों मामलों में तनिक भी सत्यता है तो ऐसे में पुलिस कप्तान द्वारा इस तरह की शर्मनाक और खादी को दागदार करने वाली घटनाओं पर संज्ञान लेकर त्वरित कार्यवाही कर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंशा को अमलीजामा पहनाना चाहिए,,,,,,,,,,,।

अन्यथा जिस तरह अफवाहों का बाजार गर्म है कि तमाम चोरियों,क्राइम में बढोतरी के बावजूद एसपी पर ,प्रभारी भारी है,,,,, वह सही साबित हो जाएगी।

वैसे भी जिले में अनेक स्थानो पर सट्टा बुंलदियों पर चल रहा है .....कुछ स्थानों पर थाना प्रभारियों ने कार्यवाही भी की लेकिन नगर में अभी तक इस प्रकार की कोई कार्यवाही देखने और सुनने को नहीं मिली है। यह भी थाना प्रभारी के ऊपर प्रश्न चिन्ह लगता है की कही इनके ही संरक्षण में तो जुआ सट्टा फल फूल रहा है,.....

अवैध शराब तो भरपल्ले जा रही है जिसका उदारहण सिलावद से बड़वानी होकर कुक्षी में एसडीएम द्वारा पकडे गए ट्रक से स्वयं सिद्ध है कि बड़वानी जिले की पुलिस कितनी जागरूक है।

अब देखना यह है कि बड़वानी के पुलिस कप्तान इस पाती पर क्या संज्ञान लेते हैं और किस प्रभारी पर जांच की आंच आती हैं या फिर मान लिया जाये कि पूरे कुऐं मे ही भांग घुली है।